## एक नजर में

### शिक्षक दवे को मिला राष्ट्रीय गौरव पुरूस्कार



**शुजालपुर, 28 जनवरी.** पीएमश्री शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी के संगीत शिक्षक राजेश दवे को संगीत एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय गौरव पुरूस्कार से सम्मानित किया गया. यह सम्मान उन्हें संगीत साधना, कला संवर्धन तथा विद्यार्थियों में रचनात्मकता विकसित करने के लिए उनके सतत प्रयासों के लिए प्रदान किया गया. इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में विद्यालय प्राचार्य अल्पना राणा ने शिक्षक राजेश दवे को पुष्पमाला पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया. इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की. प्राचार्य अल्पना राणा ने कहा कि शिक्षक राजेश दवे का यह सम्मान न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे शुजालपुर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है. उनके मार्गदर्शन में छात्राओं को संगीत के माध्यम से आत्मविश्वास, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा मिल रही है. समारोह में उपस्थित शिक्षकगण एवं स्टाफ ने दवे की इस उपलब्धि को विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परंपरा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया.

### कौशल विकास और पाठ्यक्रमों की जानकारी दी



**शुजालपुर, 28 जनवरी.** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर नगर में करियर मार्गदर्शन मेला आयोजित हो रहा है, जिसके दूसरे दिन सेवानिवृत्त प्राचार्य मधु मंडलोई आईटीआई शुजालपुर के गुरूचरण चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे, अतिथियों का स्वागत संस्था प्रधान व छात्रों ने किया. सेवानिवृत्त प्राचार्य मंडलोई ने छात्रों को 10वी व 12वी के बाद विभिन्न कौशलों के विकास के लिए प्रचलित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी. साथ ही चौहान ने छात्रों को आईटीआई द्वारा संचालित विभिन्न विषयों पर ट्रेनिंग पर प्रकाश डाला. संस्था प्रधान तृप्ती पाठक ने भी छात्रों को मार्गदर्शन दिया. संचालन राजेश श्रीवास्तव व आभार दिनेश राय ने माना.

### स्व .तुलसी कोटवानी की स्मृति में नेत्र शिविर



**शुजालपुर, 28 जनवरी.** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर द्वारा नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी में स्व .तुलसी कोटवानी की स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया. जिसमें 130 मरीजों की आंखों की जांच डॉक्टर जसवंत यादव, नेहा सोनी ने कर 41 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया, जिनको बाद में बस द्वारा संत हिरदाराम नगर भेजा गया, जहां उनके भोजन, आवास, दवाई, चश्मा आदि की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी. शिविर का शुभारंभ संत हिरदारामजी के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर संयोजक मनोज कोटवानी, शाखा प्रबंधक एसबीआई अशोक कुमार सिंह, संदीप अग्रवाल, सेवा सदन जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने किया. शिविर में हरिनारायण परमार, सुरेश परमार, ओमप्रकाश राजपूत आदि का सहयोग रहा. कोटवानी परिवार द्वारा मरीजों को कंबल भी वितरित किए गए.

### नियमित कक्षा अवलोकन पर विशेष जोर दिया



**शुजालपुर, 28 जनवरी.** कलेक्टर शाजापुर के निर्देशानुसार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं शिक्षक .मेंटर सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विकासखंड शुजालपुर एवं कालापीपल के सीएसी, बीएसी, मेंटरों तथा दोनों विकासखंडों के बीआरसीसी की सक्रिय सहभागिता में एसडीएम कार्यालय शुजालपुर में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्देश्य प्रभावी एवं आदर्श मेंटर तैयार करना तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण मेंटरिंग के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल विकसित करना रहा. इस दौरान भाषा एवं गणित की सामग्री, शिक्षक संदर्शिका, वर्कबुक तथा भाषा के आठ प्रमुख घटकों को गतिविधि व डेमो से समझाया गया. कार्यक्रम के दौरान एसडीएम राजकुमार हलदर ने नवाचार, शिक्षक संदर्शिका के अनिवार्य उपयोग, एफएलएन की स्पष्ट समझ, टीएलएम, पुस्तक कॉर्नर तथा नियमित कक्षा अवलोकन पर विशेष जोर दिया. कार्यशाला में डाइट शाजापुर प्राचार्य अनीता श्रीवास्तव एवं एफएलएन जिला प्रभारी महेश भेसानिया की सहभागिता रही. कार्यशाला का संचालन संजय राजपूत, अभिषेक चतुर्वेदी एवं स्नेहा द्विवेदी द्वारा किया गया. यह कार्यशाला जिले में शिक्षा गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी.

### पेंशनर्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र

**शुजालपुर, 28 जनवरी.** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर पोस्टकार्डों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समस्याओं से अवगत कराया जा रहा है, इसको लेकर निरंतर जहां एक ओर पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है उसके साथ ही शाजापुर जिले में भी सभी इस अभियान को गति प्रदान करने के लिए संगठन के पदाधिकारी लगातार पेंशनरों से संपर्क कर रहे हैं. इस संबंध में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश जनसंपर्क मंत्री गंगाधर वर्मा ने बताया कि पेंशनर एसोसिएशन द्वारा लंबे समय से कई मांगे की जा रही हैं लेकिन उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते लगातार पेंशनरों में आक्रोश देखा जा रहा है, इसके चलते ही संगठन के पदाधिकारी तथा प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार पोस्टकार्ड के माध्यम से भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है. जिसमें अपनी मांगों से अवगत कराया गया है. पेंशनरों द्वारा धारा 49 ए को समाप्त करना, प्रदेश सरकार द्वारा 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देना, 60 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना, न्यायालय के आदेशों का पालन करना आदि मांग शामिल है. जन सम्पर्क मंत्री वर्मा ने कहा कि इसके बाद भी अगर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के द्वारा कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन द्वारा आगामी मार्च माह में प्रदेश स्तर पर भोपाल में उग्र आंदोलन किया जाएगा, इसको लेकर भी पेंशनर एसोसिएशन द्वारा लगातार तहसील से लेकर प्रदेश स्तर तक संपर्क किया जा रहा है. इन समस्या को लेकर शुजालपुर तहसील से भी अभी तक 200 से अधिक पेंशनरों द्वारा प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इन समस्याओं से अवगत कराया जा चुका है.

# अन्नदाता पर बरसी आसमानी आफत...

## तबाह हुई फसलों का विधायक अरुण भीमावद ने किया निरीक्षण





**शाजापुर/ मोहन बडोदिया, 28 जनवरी. जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मंगलवार को हुई ओलावृष्टि के बाद बुधवार को खेतों का नजारा बर्बादी का मंजर बयां कर रहा था. किसानों के अरमानों पर ओलावृष्टि व आंधी बारिश ने मानो पानी फेर दिया. ओलों की मार से चना, मसूर, गेहूं, संतरा सहित अन्य फसलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. इधर बुधवार को मौसम कुछ खुला लेकिन ठंडी हवा चलती रही. किसानों का कहना है कि फसल से काफी उम्मीदें थी लेकिन प्राकृतिक आपदा ने हमारे पेट पर कुठाराघात किया है. किसान शासन से शीघ्र मुआवजे और राहत की मांग कर रहे हैं.**

इधर प्राकृतिक आपदा के बाद प्रशासन भी अलर्ट नजर आया है. प्रशासन ने किसानों से फसल नुकसानी की शिकायत दर्ज कराने की अपील की है. इधर ओलावृष्टि से तबाह हुई फसलों का विधायक अरुण भीमावद ने निरीक्षण किया, उन्होंने तहसीलदार को सर्वे कर शीघ्र रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए. इस बार वर्षाकाल में काफी कम वर्षा हुई, इसके चलते नहरों के माध्यम से पानी नहीं दिया जा सका. जिन किसानों के पास पानी की व्यवस्था थी उन्होंने काफी उम्मीदों से गेहूं आदि रबी फसलों की बुवाई की. वहीं जिन किसानों के पास पानी की व्यवस्था नहीं थी उन्होंने कांटा चना आदि फसल बोई. फसल खेतों में लहलहाती नजर आ रही थी. लेकिन मंगलवार की शाम को अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवा के साथ ओलावृष्टि व वर्षा ने खेतों में खड़ी गेहूं और चने की फसलों को खासा नुकसान पहुंचाया. खेतों में खड़ी लहलहाती गेहूं फसल देखते ही देखते प्राकृतिक आपदा के चलते आड़ी पड़ गई. तो वहीं संतरे की फसल भी ओलावृष्टि से प्रभावित हुई है. क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन और जनप्रतिनियों से अति शीघ्र मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है. बुधवार को क्षेत्र के अनेक खेतों में बर्बादी का मंजर नजर आया. किसान प्रकृति के इस तांडव के सामने बेबस नजर आ रहे थे. इधर मौसम विभाग ने शुक्रवार एवं शनिवार को बादल छाने और हलकी बारिश की संभावना जताई है.

### यह करें पीड़ित किसान बंधु...

कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना ने जिले के समस्त किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि जिनकी भी फसल प्राकृतिक आपदा अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से प्रभावित हुई है वे होने वाले फसल नुकसान की जानकारी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत भारतीय फसल बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 या व्हाटसऐप चैट नंबर 7065514447 या फिर क्रॉप इंश्युअरेंस ऐप के माध्यम से भी 72 घंटे के अंतराल में अनिवार्य रूप शिकायत दर्ज कराए. उन्होंने जिले के किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि शिकायत दर्ज करते समय लगने वाले आवश्यक दस्तावेजों जिनमें किसान की फसल बीमा पॉलिसी नंबर, किसान का आधार कार्ड, किसान का सर्वे नंबर एवं किसान का केसीसी खाता नंबर साथ रखें.

### प्रदेश सरकार किसानों के साथ : भीमावद

विधायक भीमावद ने तहसीलदार मुकेश कुमार गुप्ता को निर्देशित किया कि क्षेत्र के सभी प्रभावित गांवों में फसल क्षति का तत्काल सर्वे कर वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाए तथा विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र कलेक्टर को भेजी जाए, जिससे किसानों को शासन की ओर से राहत मिल सके. निरीक्षण के दौरान विधायक ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे चिंता न करें, मध्यप्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसानों के साथ खड़े हैं. सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित किसानों को हर संभव सहायता दिलाई जाएगी. इस मौके पर जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय मंडल अध्यक्ष जगदीश पाल, महामंत्री महेश भारती, गिरिराज सोनी, संदीप पाटीदार, नंदकिशोर पाटीदार, रामेश्वर पाटीदार, पुखराज पटेल, बाबूलाल शर्मा, मनीष प्रजापति, रामचंद्र सूर्यवंशी, जुगल पाटीदार सहित क्षेत्र के कई किसान उपस्थित थे.

### विधायक ने किसानों के खेतों में जाकर नष्ट हुई फसलों का जायजा लिया

मोहन बड़ोदिया क्षेत्र में तेज आंधी, तूफान के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी. फसल पकने की अवस्था में नुकसान होने से किसानों की चिंता काफी बढ़ गई है. ओलावृष्टि से हुए नुकसान की जानकारी मिलते ही बुधवार शाम क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद प्रभावित गांवों ग्राम फरतखेड़ी, मोहना पहुंचे. उन्होंने किसानों के खेतों में जाकर नष्ट हुई फसलों का जायजा लिया और मौके पर मौजूद किसानों से चर्चा की. खेतों में गिरी फसलें और संतरे की भारी टूट फूट देखकर विधायक ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए.

# उल्लास व उत्साह से मनेगा पांच दिवसीय होली पर्व

## होली उत्सव समिति ने धनसंग्रह अभियान का किया श्री गणेश

**शाजापुर, 28 जनवरी. पांच दिनी होली पर्व इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा. नगर में पांच दिनों तक रंगारंग पर्व ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा. इसके लिए चंद्रशेखर आजाद होली उत्सव समिति द्वारा बुधवार को श्री गणेश आरती के साथ धनसंग्रह अभियान का का शुभारंभ किया गया.**



नगर में पांच दिनी होली पर्व मनाए जाने की परंपरा है. इसके लिए हाल ही में होली उत्सव समिति का गठन किया गया. जिसमें संयोजक पं.गोविंद शर्मा, कोषाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, सचिव अंकित अम्बावतिया व सह संयोजक जीत पारछे को मनोनीत किया गया. इसी के साथ होली पर्व की तैयारियां भी शुरू कर दी गई है. बुधवार को समिति सदस्यों सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मंगलनाथ महादेव मंदिर परिसर स्थित श्री गणेश मंदिर पहुंचे जहां सभी ने भगवान श्री गणेश का पूजन कर उनका आशीर्वाद लेकर धन संग्रह अभियान की शुरूआत की. इस अवसर पर सर्व हिन्दू उत्सव अध्यक्ष पं. आशीष नागर, समिति के मनीष सिसौदिया, गजेन्द्र सिकरवार, कैलाश मटोलिया, महासचिव मनीष सोनी, सत्या वात्रे, सचिव राजेश पारछे, सूचना संपर्क प्रमुख विष्णु गवली, विनोद जैन, दीपक निगम, अजयसिंह चंदेल, कमलेश अटेरिया, गोविंदा कुशवाह, विवेक दुबे, सतीश राठौर, सुनिल सिसौदिया, सोनू प्रजापति, विधान परिहार, दिलीप सिंदल, अतुल पॉलीवाल, दुष्यंत सोनी, बालकृष्ण यादव, सुमित भावसार, जलज ठाकुर, महेश गवली, चिनेश गवली, सुभाष राठौर आदि उपस्थित थे. यह जानकारी सर्व हिन्दू उत्सव समिति उपाध्यक्ष अनिल मालवीय ने दी.

**नगरवासियों का लेंगे सहयोग**

आगामी 3 मार्च से प्रारंभ होने वाले इस पर्व के लिए प्रतिदिन समिति सदस्यों द्वारा नगर भ्रमण कर धन संग्रह किया जाएगा. प्रतिदिन समिति सदस्यों सहित सहयोगियों द्वारा नगर के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर पर्व के लिए धन संग्रह अभियान चलाया जाएगा.

# बच्चों ने उत्साहित होकर खेले खेल



**शुजालपुर, 28 जनवरी. उड़ान महिला शैक्षणिक व सामाजिक कल्याण समिति ने फ्रीगंज स्थित राम वन में नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस उत्सव मनाया.**

इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करते हुए बच्चों को पुरस्कृत किया गया. इस दौरान बच्चों ने उत्साहित होकर पासिंग बाल खेल खेला, जिसमें प्रथम स्थान पर माही पांचाल, द्वितीय वंदना सूर्यवंशी, तृतीय रिया मालवी रही, 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर कृष्णपाल परमार, द्वितीय अमन केवट, तृतीय अमित सोंधिया रहे. बच्चों ने राष्ट्रीय भावना से ओत- प्रोत गीत, कविता, भाषण, कहानी सुनाई, जिसमें प्रथम स्थान पर खुशी ठाकुर, द्वितीय मीनाक्षी, तृतीय पूर्वी रही. इस दौरान आंगनबाड़ी की ज्योति कुशवाहा और बसंती का स्वागत चंदा सक्सेना, हरभजन कौर, कृष्णा शास्त्री, अभिलाषा श्रीवास्तव ने किया. इस मौके पर लता राठौड़, वंदना चौहान, अलका देशमुख, अंजू खत्री, लाज खत्री, श्रुति शास्त्री, शीतल विजयवर्गीय आदि उपस्थित थे.

### छात्र छात्राओं को केरियर मार्गदर्शन दिया

**शाजापुर, 28 जनवरी.** शासन की मंशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना के निर्देशानुसार शाउमावि ज्योति नगर में जिला रोजगार कार्यालय के अंतर्गत काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों के द्वारा केरियर के विभिन्न विषयों पर छात्र छात्राओं को लक्ष्य को ध्यान में रखकर केरियर से संबंधित जानकारी प्रदान की गई. काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों के द्वारा बताया गया की आज का समय अवसरों से भरा हुआ है. जरूरत है सही दिशा और मार्गदर्शन की विद्यार्थियों को शासकीय नौकरियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र, स्टार्टअप, तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार के भी अपार अवसर उपलब्ध है.

# रंगमंच पर अभिनय का ऐसा रंग बिखेरा कि श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**शुजालपुर, 28 जनवरी. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उमावि शुजालपुर मंडी के छात्रों की लगन, परिश्रम, अभ्यास और आचार्य परिवार के मार्गदर्शन ने रंगमंच पर अभिनय का ऐसा रंग बिखेरा कि श्रोता मंत्रमुग्ध होकर अपने हृदय में सजाते रहे. बच्चों ने यह प्रस्तुति बीटीआई क्रीडा परिसर पर संस्था के सरस्वती उत्सव में दी.**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, प्रकाशचन्द्र धनगर, विशेष अतिथि डॉ सी. व्ही. मिश्रा, शुजालपुर महाविद्यालय स्थापना समिति अध्यक्ष रामगोविन्द नेमा, जिला संघचालक हुकुम सिंह धनगर, प्राचार्य डॉ राजेश शर्मा, डॉ विजय सिंह खींची, सुरेन्द्र जोशी, पूर्व छात्र डॉ मुक्तादित्य शर्मा, समाजसेवी सुरभि सपन जैन आदि मंचासीन रहें. कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण शर्मा, छात्रा अर्चना राजपूत, कुमकुम मेवाड़ा ने किया. अतिथियों का परिचय शुजालपुर महाविद्यालय स्थापना समिति उपाध्यक्ष कमल किशोर तिवारी, स्वागत भाषण रामगोंविद नेमा ने दिया.

**सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र**



रंगमंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण नृत्य नाटिका नरकासुर वध, भस्मासुर वध, युगल नृत्य चालो रे साजना खेता में, छत्तीसगढ़ी एवं मालवी, निमाड़ी लोकनृत्य कुआं पानी, होली खेला रे, आदीवासी नृत्य यांगा झोपा, ऐतिहासिक नाटक संभाजी, पंच परिवर्तन पर्यावरण संरक्षण, हास्य नाटक फैशन में पडया फजीता आदि रहे. छात्रों ने अलग-अलग प्रांतों के सांस्कृतिक रंगों को मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसकी श्रोताओं ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की. प्राचार्य विनोद कुमार चंद्रवंशी, प्रधानाचार्य सोनिया वाजार, समस्त आचार्य परिवार एवं पूर्व छात्र भुमिका शर्मा, हर्षिता नागजी, अभिषेक शर्मा, संगीत शिक्षक उमेश शर्मा, आत्माराम मालवीय, गोलू शर्मा का विशेष सहयोग रहा. इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के पालक के रूप में सत्यनारायण शर्मा संस्था के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यक्रम प्रभारी वरिष्ठ आचार्य कृष्ण मोहन यादव थे जिनका मार्गदर्शन 270 भैया बहिनों और आचार्य परिवार को प्राप्त हुआ. आभार संस्था कोषाध्यक्ष हरबानसिंह मालवीय ने माना.

## एक नजर में

### सीनियर बालिका छात्रावास शाजापुर में हुआ आयोजन

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**शाजापुर, 28 जनवरी. राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विगत 24 जनवरी को सीनियर बालिका छात्रावास शाजापुर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया.**




कार्यक्रम श्रीमती नमिता बौरासी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के मुख्य आतिथ्य में तथा आनंद कुमार तिवारी प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाजापुर के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया. इस अवसर पर बालिकाओं का तिलक कर पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया.

### विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए

श्रीमती नमिता बौरासी ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालिकाएं समाज की आधारशिला हैं और उन्हें अपने संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए. शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, जेंडर जस्टिस तथा बाल विवाह उन्मूलन 2025 की मानक संचालन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई.

### लक्ष्य निर्धारण के प्रति भी जागरूक किया

कार्यक्रम में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा ने कहा कि बालिकाएं देश की गरिमा हैं तथा भारतीय संविधान ने उन्हें शिक्षा, संपत्ति एवं समान कार्य के लिए समान वेतन जैसे महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए हैं. साथ ही बालिकाओं को गुड टच- बैड टच, आत्मरक्षा एवं लक्ष्य निर्धारण के प्रति भी जागरूक किया गया. शिविर में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्रावास की बालिकाएं उपस्थित रही. कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त, जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा.

### अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर, 28 जनवरी.** कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को हिंदू जागरण युवा मंच के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर पहुंचे. उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम बीएस सोलंकी और डिप्टी कलेक्टर नेहा गंगारे को सौंपा. ज्ञापन लेने पहुंची डिप्टी कलेक्टर नेहा गंगारे से कहा कि आपने गेट पर ताला क्यों लगाया है हम अंदर ही ज्ञापन देंगे. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गेट तोड़ने की चेतावनी देते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में ही ज्ञापन देने की बात कही. उसके बाद डिप्टी कलेक्टर वापस चली गई. स्थिति बिगड़ती देख एडीएम मौके पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं को समझाइश देकर अंदर प्रवेश दिलाया गया, जिसके बाद शांतिपूर्वक ज्ञापन सौंपा गया.